GOVERNMENT COLLEGE, SANJAULI, SHIMLA-06

National Science Day
A Report

24th February, 2026

"Women in Science: Catalysing Viksit Bharat"

ZOOLOGY

GOVERNMENT COLLEGE, SANJAULI, SHIMLA-06

National Science Day was celebrated on 24th February, 2026 with the theme “Women in Science: Catalysing Viksit Bharat”. The program commenced with an inaugural address by Dr Kirti Singha. The Chairperson of the event was Prof. Bharti Bhagra, Principal COE Government College, Sanjauli, who emphasized the role of science and innovation in national development and encouraged students to adopt a scientific temper. Students presented innovative models to showcase practical applications of scientific concepts. Power Point Presentations were delivered by students, focusing on recent advancements in science and technology. A Science Quiz was organized to test students’ knowledge in physics, chemistry, biology, and current scientific developments. Students showcased their creativity and understanding of scientific concepts through Rangoli based on the annual theme. In the quiz competition, Sneha Sharma, Nandini and Puneet (BSc III YEAR) secured first position. In Rangoli competition Kusum Sharma (BSc III YEAR) stood first. Anmol Sharma (BSc III YEAR) bagged the first position for his model of autoclave. Yashveer (BSc I YEAR) bagged the first position for his power point presentation on Biodiversity. A vote of thanks was presented by Dr Shweta Sharma.

मॉडल मेकिंग में अनमोल, रंगोली में कुसुम जीते

शिमला | संजौली कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस विज्ञान कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कॉलेज प्रिंसिपल प्रो. भारती भागड़ा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी, विज्ञान मॉडल मेकिंग, विज्ञान रंगोली और पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

प्रश्नोत्तरी में बीएससी तृतीय वर्ष की टीम प्रथम रही, जबकि विज्ञान रंगोली में कुसुम शर्मा ने पहला स्थान प्राप्त किया। मॉडल मेकिंग में अनमोल शर्मा प्रथम रहे और पावर प्वाइंट प्रस्तुति में यशवीर ने बाजी मारी। समारोह में 300 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। प्रधानाचार्या ने विज्ञान संकाय और छात्रों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

वाद-विवाद स्पर्धा में आयुष व चित्रकला में प्रीति प्रथम

अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों के साथ स्टाफ • जागरण

जागरण सहयोगी, जागरण • रिकांगपिओ : टीएस नेगी राजकीय महाविद्यालय रिकांगपिओ की एंटी ड्रग समिति ने क्षेत्रीय अस्पताल रिकांगपिओ के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डा. उत्तम चंद चौहान रहे। उन्होंने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए समाज को नशामुक्त बनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर डा. दीवान नेगी, डा. सपना तथा एएसआइ संजीव ने भी विचार साझा किए और नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। इस दौरान आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में आयुष ने प्रथम, अमीषा नेगी ने द्वितीय व किरण जोशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रीति ने प्रथम, आरती ने द्वितीय व प्रवीता ने तृतीय स्थान हासिल किया। नारा लेखन प्रतियोगिता में आरती ने प्रथम, अवंशिका ने द्वितीय और अंजलि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में स्नेहा शर्मा, नंदिनी व पुनीत की टीम ने पाया पहला स्थान

जागरण संवाद कैंद्र, शिमला : राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय संजौली में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस विज्ञान समारोह के रूप में मनाया गया। इसके माध्यम से विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका और विकसित भारत के निर्माण में उनके योगदान पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. भारती भागड़ा, उप-प्राचार्य प्रो. बचन सिंह व विज्ञान संकाय की डीन डा. मीनाक्षी शर्मा ने किया। इस दौरान हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में स्नेहा शर्मा, नंदिनी व पुनीत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अभिनव डोगरा, अंशुल नेगी और पूर्णिमा आर्य द्वितीय स्थान पर रहे। अर्पित, पंकज और अमन ने तृतीय स्थान हासिल किया।

विज्ञान रंगोली प्रतियोगिता में कुसुम शर्मा प्रथम, नैन्सी द्वितीय व मीनाक्षी तृतीय स्थान पर रहीं। विज्ञान माडल मेकिंग प्रतियोगिता में अनमोल शर्मा ने प्रथम, आदर्श व सुमित ने द्वितीय व गिरीश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में यशवीर ने प्रथम, कशिश ने द्वितीय व बीएससी तृतीय वर्ष के कार्तिक ने तृतीय स्थान हासिल किया।

संजौली कालेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह में मौजूद छात्र व स्टाफ • जागरण

संजौली कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह

शिमला। विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की भागीदारी को केंद्र में रखते हुए संजौली कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस इस बार केवल औपचारिक आयोजन नहीं रहा, बल्कि विज्ञान में छात्राओं की अग्रणी भूमिका का सशक्त प्रदर्शन बना। कार्यक्रम की थीम वूमन इन साइंस, कैटेलाइजिंग विकसित भारत रही और इसी के अनुरूप प्रतियोगिताओं व

प्रस्तुतियों में छात्राओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद पूरे दिन विज्ञान आधारित गतिविधियों की श्रृंखला चलती रही। प्रश्नोत्तरी, मॉडल मेकिंग, विज्ञान रंगोली और पावर प्वॉइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिताओं में करीब 300 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बीएससी तृतीय वर्ष की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि प्रथम और द्वितीय वर्ष की टीमों ने द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान रंगोली में भी छात्राओं का दबदबा रहा और बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा ने पहला स्थान प्राप्त किया। विज्ञान मॉडल मेकिंग में पर्यावरण और तकनीक से जुड़े मॉडलों ने निर्णायकों को प्रभावित किया। वहीं पावर प्वॉइंट प्रेजेंटेशन में विकसित भारत में विज्ञान की भूमिका पर दिए गए विचारों को सराहा गया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल ने विद्यार्थियों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण और प्रस्तुति कौशल की प्रशंसा की। प्रधानाचार्या ने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी समाज के सकारात्मक परिवर्तन का संकेत है। उन्होंने आयोजन को विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी बताया।